
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक


# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 | अंक : 162 | 27 दिसबंर, 2018 | मूल्य : 20/-







## जननायक जयते

समाज गौरव जननायक श्रीमान अशोक गहलोत ने राजस्थान में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।



समाज के विजयी विधायक राजस्थान के जैतारण श्री अविनाश गहलोत, धौलपुर से श्रीमती शोभारानी कुशवाहा। मध्यप्रदेश के बालाघाट से श्री रामकिशोर कांवरे, इंदौर से श्री महेन्द्र हार्डिया, बालाघाट लांजी से सुश्री हिना लिखीराव कांवरे, ग्वालियर ग्रामीण से भारतसिंह कुशवाहा, रावलगढ़ से बैजनाथ कुशवाहा, सतना से सिद्धार्थ कुशवाहा ने विजयी हो समाज को किया गौरवान्वित।

माली सैनी संदेश की तरफ से सभी निर्वाचित विधायकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।

# अशोक गहलोत के तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बनने की फोटो यात्रा





मुख्यमंत्री बनने के पश्चात अपने निवास पर माता पिता को माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेते एवं पुत्री द्वारा तिलक लगाकर स्वागत



मुख्यमंत्री बनने के पश्चात अपने परिवार के साथ



मुख्यमंत्री बनने के पश्चात एयरपोर्ट पर उमड़ा जन समूह



पूर्व मुख्यमंत्री वंसुधरा राजे का अभिवादन स्वीकारते



बुजुर्ग के आग्रह पर सेल्फी फोटो खिचंवाते हुए





विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनैतिज्ञों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया अभिवादन

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 160 • 27 दिसबंर, 2018 • • मूल्य : 20/- प्रति •

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**संरक्षक :**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**

( समाजसेवी/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**

( उद्योगपति/समाजसेवी )

**संरक्षक :**



**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**

( बिल्डर्स/समाजसेवी )


**संरक्षक :**



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**

( उद्योगपति )

**संरक्षक :**



**श्रीमान ढ़लसिंह गहलोत**

( उद्योगपति/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**

( उद्योगपति/भामाशाह )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों म्हे) 94149 1484

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।



# संपादक की कलम से....



## सामाजिक कार्यकर्ता समाज का अहम...

सामाजिक कार्यकर्ता समाज का सबसे अहम् जीव होता है, उसके बिना कोई भी सामाजिक कार्यक्रम सफल नहीं होता लेकिन फिर भी उसका पूरा जीवन अजीबोगरीब स्थिति में ही गुजरता है। उसे घर में तो सुनने को मिलता है –''फालतू पंचायती में दिन भर उलझे रहते हो कभी ढंग के काम भी कर लिया करो, यह समाज–वमाज कुछ काम नहीं आने वाला, परिवार पर ध्यान दो, दिन भर निक्कमों की तरह इधर से उधर समाज की पंचायती करते हो, उससे क्या भला होने वाला आदि–आदि'' और समाज में उसकी स्थिति यह होती है कि उसे कभी बड़ा पद नहीं दिया जाता क्योंकि बड़े पद पर धनाढ्य वर्ग का एकाधिकार ही होता है और सामाजिक कार्यकर्ता हमेशा गरीब या मध्यम वर्ग परिवार का ही होता है उसके खून में ईमान रचा–बसा होता है।

वह ईमानदारी से सामाजिक संरचना में अपने आपको इस कदर ओढ़े रहता है कि उसे समाज के अलावा कुछ नहीं दिखता। वह कुछ कर गुजरने की भावना, समाज में आमूलचूल परिवर्तन की भावनाओं में ही अपने दिन–रात व्यतीत करता है और समाज के आला पदाधिकारियों को यही सामाजिक कार्यकर्ता हर छोटे–मोटे काम के लिए याद आता है क्योंकि उसके बिना ना तो उनका वजूद है और ना ही उनके कार्यक्रमों का। वह सामाजिक कार्यकर्ता ही होता है जिसके बदौलत बड़े से बड़े कार्यक्रम सफल होते हैं और नाम आला पदाधिकारियों का होता है वह तो सिर्फ नींव का पत्थर बनकर ही खुश है। यही आला पदाधिकारियों से यदि यह सामाजिक कार्यकर्ता बेवजह मिलने पहुंच जाता है तो वह उसे यूं टकरा देते हैं जैसे उनके घर पर भिखारी आ गया हो। समाज के धनाढ्य वर्ग से जब ये सामाजिक कार्यकर्ता किसी कार्यक्रम के लिए सहयोग मांगने पहुंचता है तो वहां भी इसके साथ भिखारियों जैसा ही बर्ताव होता है। जीवन में कई बार यह सामाजिक कार्यकर्ता ठगा भी जाता है, कभी सहयोग का आश्वासन देकर धनाढ्य वर्ग सम्मानित तो हो जाता है और सहयोग के नाम पर चक्कर पर चक्कर लगाते इस सामाजिक कार्यकर्ता की चप्पल घिस जाती है और साइकिल के टायर भी जवाब देने लगते हैं। लेकिन फिर भी यह सामाजिक कार्यकर्ता हार नहीं मानता लगा रहता है समाज सुधार की धुन में।

यह सामाजिक जीव हर समाज में, हर क्षेत्र में, हर गांव, शहर में पाया जाता है। इसे कभी–कभार सम्मानित करके आला पदाधिकारियों द्वारा खुश कर दिया जाता है और यह वाकई में खुश होकर दुगुनी ऊर्जा के साथ सामाजिकता में जुड़ जाता है। इसका जीवन भले ही अभावों में कटता है, आर्थिक संकटों से जूझता, परिवारजनों के तानों से गुजरता है लेकिन समाज के मंच पर इसे अच्छे कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है तो विरोधी खेमे में इसे चन्दा चोर, चिपकू, स्वयंभू पंच आदि नामों से सुशोभित किया जाता है।

मेरे ख्याल से इस सामाजिक जीव का इतना विश्लेषण काफी है इससे आप सभी अपने आस–पास के सामाजिक कार्यकर्ता को अच्छी तरह से पहचान सकेंगे।



मनीष गहलोत

**जिस राह पर आप अकेले रह जाते हैं तो समझिए आप सही राह पर चल रहे है क्योंकि सच की राह पर कोई साथ नहीं देते है।**

# अशोक गहलोत के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर समाज में हर्ष की लहर

## शोभारानी कुशवाहा एवं अविनाश गहलोत ने भी हुए विजयी, समाज के 38 लोगों ने लड़ा विधानसभा चुनाव





जयपुर। राजस्थान विधान सभा चुनावों में समाज के सर्वोप्रिय राजनीतिज्ञ अशोक गहलोत ने एक बार फिर अपनी योग्यता के बल पर न केवल विजयश्री प्राप्त की, राजस्थान के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का गौरव भी उन्हें मिला। समाज के सभी वर्गो के साथ ही पूरे राजस्थान में गरीबों, पिछड़ो, दलितों , अल्पसंख्यकों एवं युवाओं में एक बार फिर राजस्थान में अशोक गहलोत की बंद पड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं से लभान्वित होने की आश जगी।

इस अवसर पर अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आशीर्वाद देने के लिए प्रदेश की जनता का आभार। यह प्रदेशवासियों की जीत है। जीत ने नफरत, घृणा, ध्रुवीकरण, जातिवाद की राजनीति एवं मुद्दाविहीन राजनीति को नकारकर राहुल जी के विकास के एजेंडे पर मुहर लगाई है। कांग्रेस को मिला यह जनादेश भविष्य में देश की राजनीति के लिए बड़ा सन्देश है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं राहुल जी के नेतृत्व में विश्वास दिखाया है और कांग्रेस को जनादेश देकर राज्यों के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। मैं मतदाताओं को धन्यवाद देता हूँ और पार्टी के सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

अपने गृह क्षेत्र में सरदारपुरा से अशोक गहलोत ने विधानसभा चुनावों में 44,0000 वोटों से लगातार दूसरी बार भाजपा के शंभूसिंह खेतासर को करारी हार दी। इस जीत के साथ ही अशोक गहलोत ने जोधपुर में कांग्रेस के अधिकत्तर प्रत्याशियों को विजयी बनानें के लिए जी तोड़ मेहनत की। अशोक गहलोत ने सरदारपुरा में केवल 2 से 4 दिन तक ही चुनाव प्रचार किया। उसके बाद पूरे राजस्थान में सैकड़ों सभाओं से प्रचार प्रसार कर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की। अशोक गहलोत के विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रिय राजनीतिज्ञ, समाजसेवी एवं उनके परिजनों ने चुनाव प्रचार की कमान संभाली तथा सभी वर्गो के सहयोग से अशोक गहलोत इस बार ऐतिहासिक जीत हासिल कर पाएं।

उनके जीत की खुशी में पूरे जोधपुर में ढ़ोल नगाड़े, पटाखें छोड़े गए। जगह जगह जूलुस निकाला गया। इस जीत के बाद जब अशोक गहलोत को राजस्थान का तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया गया तो जोधपुर में दिवाली आ गई पूरे जोधपुर में मेले सा माहौल बन गया और लोगों के जहन में एक ही बात आई जो अशोक गहलोत ने 2 वर्ष पूर्व कही थी कि **''मैं थांसू दूर नहीं''** जादूगर का जादू फिर चला अब जोधपुर के सभी वर्गो को विश्वास है कि जो विकास के कार्य पिछले 5 वर्षो में द्वेषतापूर्ण वंसुधरा राजे ने बंद किए वो अब वापस चालू हो जाएंगे। अशोक गहलोत की जीत के साथ ही धौलपुर से श्रीमती शोभारानी कुशवाहा ने लगातार दूसरी बार बीजेपी से चुनाव लड़ जीत दर्ज की। साथ ही जैतारण से समाज के युवा अधिवक्ता अविनाश गहलोत ने भाजपा से चुनाव लड़ते हुए पहली बार में ही जीत दर्ज कर सभी को चौंकाया।

अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार के दौरान सर्व समाज के सभी वर्गो में विशेषकर युवाओं एवं बुजुर्गो से मिलकर वोट मांगे। अपने अत्यंत व्सस्त समय में भी प्रचार के दौरान उन्होंने समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री गोपीकिशन पंवार, किशोर सिंह परिहार सहित समाज के अनेकों समाजसेवी राजनीतिज्ञों से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में बहुत ही सहज भाव से सभी वर्गो से मिलकर वोट मांगा तथा जहां जहां भी अशोक गहलोत प्रचार के लिए गए सर्व समाज के लोगों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि इस बार वो अवश्य ही अशोक गहलोत को विजयश्री बनाने के लिए अपनी ओर से पूरी मेहनत करेंगे

जिसका नतीजा भी आया अशोक गहलोत ने 44,000 वोटों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

जोधपुर में उनके पैतृक निवास पर पूर्व सहपाठी एवं मौहल्ले वासियों ने उनकी शपथ वाले दिन सुंदरकांड का पाठ किया और गायों के लिए लापसी बनाई। सुमेर शिक्षण संस्थान जहां अशोक गहलोत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की वहां के मैनेजमेंट ने पूरे विद्यालय के स्टूडेंट्स को मिठाई खिलाई तथा भारत सेवा संस्थान, जोधपुर में भी जीत का जश्न पार्टी बनाकर किया गया। अमूमन पूरे राजस्थान में अनेकों संस्थाओं, समाजसेवियों एवं राजनितिज्ञों ने अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री बनने पर भव्य आयोजन एवं आतिशबाजी कर खुशी मनाई।

**अजमेर माली समाज द्वारा भव्य आतिशबाजी, पोषबडा व मिठाई बॉट कर अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनने पर बधाईयां दी :–**

माली समाज के लिए बड़ा ही हर्ष का विषय है कि समाज के सिरमौर , जननायक व मारवाड़ के गांधी अशोक गहलोत को राजस्थान प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह समाज के लिए गौरव की बात है । इसी खुशी का इजहार करने के लिए अजमेर माली (सैनी) समाज, अजमेर के द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर 2018 (मंगलवार) को सायं 6.00 बजे अजमेर क्लब पर, ज्योतिबा फुले सर्किल स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले कि प्रतिमा पर दीपदान, माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की, ठोल – नगाड़ों, शहनाई पर महाआरती कि गई फिर भव्य आतिशबाजी की जिससे आसमान रंगीन हो गया। फिर कडाके कि ठंड मे गरमा–गरम पौष –बडा व अदरक–लौंग युक्त चाय का लुफ्त उठाया एवं आम जन को मिठाई–गजक खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस खुशी के मौके पर व अपने जननायक के समर्थन में समाज बंधु अधिक से अधिक अपने परिवार, बच्चों साथियों, सहित सर्किल पर तय समय पर उपस्थित होकर समाज की एकजुटता दिखाने में अपनी भागीदारी निभायी। इसमें समाज की सभी संस्थाओ के अध्यक्ष, पधाधिकारी, सदस्य उपस्थित थे। सभी समान्नीय अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री बनने पर एक दुसरे को बधाइयां दे रहे थे। उपस्थिति अपार जनसमूह ने जमकर नारे लगाये। सबसे पहले संत लिखमीदास जी महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले, मां सावित्रीबाई फुले के नारे लगायें, जब तक सुरज चांद रहेगा ...अशोक गहलोत तेरा नाम रहेगा... ।'

इस अवसर पर समस्त अजमेर माली ( सैनी ) समाजबंधु, उपस्थित था। जिनमें पुनम चन्द्र मारोठिया, चांदमल टांक, मदन कच्छावा, महेश चोहान, चेतन सैनी, हनिश मारोठिया, धमेन्द्र टाक, राजेन्द्र सैनी, डां.जितेन्द्र मारोठिया , राजेश भाटी, दिलीप गढवाल, मोती सिंह सैनी, हेमराज सिसोदिया, महेंद्र तंवर, विश्वास तंवर, वीरेन्द्र चौहान, आशा तुनवाल, पायल सैनी, प्रमोद भाटी, डां.भुपेन्द्र , रवि उबाना, मामराज सैन, पार्षदों मे गोपाल चौहान, विजय गहलोत ,गणेश चौहान, उपस्थित थे।

**भीलवाड़ा में गहलोत के मुख्यमंत्री बनने पर माली समाज ने की आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार :**

प्रदेश में अशोक गहलोत को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाये जाने पर माली (सैनी) महासभा के तत्वावधान में आज नेहरू रोड़ स्थित माली समाज के नोहरे के बाहर सैकड़ों लोगों ने माली महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाल लाल माली के नेतृत्व में आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया।

माली ने बताया कि राजस्थान में अशोक गहलोत के तीसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाये जाने पर माली समाज के साथ–साथ सभी जन मानस में हर्ष की लहर व्याप्त है। इसी खुशी का इजहार करने के लिए माली (सैनी) महासभा के तत्वावधान में नेहरू रोड़ स्थित माली समाज के नोहरे के बाहर भव्य आतिशबाजी कर एवं 101 किलों लड्डुओं का वितरण कर आमजन को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। माली ने यह भी कहा कि गहलोत के मुख्यमंत्री बनने पर राजस्थान प्रदेश पुनः नई दिशा व प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा।

इस अवसर पर माली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष बंशीलाल माली, माली (सैनी) युवा महासभा के शहर अध्यक्ष देबीलाल माली, माली समाज कांग्रेसी नेता मीठुलाल सतरावला, कन्हैयालाल माली, सत्यनारायण डाबला, पुशालाल तुन्दवाल, नानूराम गोयल, भैरूलाल माली, कैलाश मूलचंद छुलिवाल, भांभु बुलिवाल, कालूलाल मोरी, सत्यनारायण चौहान, जगदीश चन्द्र ढीबरिया, भांकरलाल माली, भगत प्रजापत, शंकरलाल जजावरा, गोवर्धन माली, नंदकिशोर रागस्या, मुरली सैनी, बबलू माली, बंशीलाल गढ़वाल, बाबूलाल माली, रामचन्द्र सरिवाल, श्यामलाल मोरी, मुकेश माली, राजू प्रजापत, महेश शर्मा, महावीर सोनी, घनश्याम पुरी सहित सैकड़ों माली समाज के लोग उपस्थित थे।






# आदर्श राजनीतिज्ञ एवं प्रशासक अशोक गहलोत

श्री अशोक गहलोत का जन्म 03.05.1951 को प्रसिद्ध जादूगर श्री लक्ष्मण सिंह गहलोत के घर महामन्दिर जोधपुर में हुआ। प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा आपने जोधपुर शहर में ही ग्रहण की। विद्यार्थी जीवन से ही नेतृत्व की अद्‌भुत क्षमता आपमें सर्वदा विद्यमान रही। अपने इसी सफल नेतृत्व गुण के कारण आप राजनीति की प्रत्येक सीढ़ी पर सफलतापूर्वक चढ़ते गये और केन्द्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री राजस्थान के पद पर रहते हुए लोकप्रियता की चरम परिणति को प्राप्त हुए। जोधपुर विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक(बीएससी) की उपाधि प्राप्त कर आपने एमए (अर्थशास्त्र) में किया तथा विधि स्नातक उपाधि प्राप्त की। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी के रूप में आपने छात्रसंघ के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए युवा वर्ग का सफल नेतृत्व किया। इसी गुण ने आपको राजनीति में प्रवेश कराया और फिर आपने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



विश्वविद्यालय के विद्यार्थी संगठन (एनएसयूआई) के अध्यक्ष के रूप में 1974 से 1979 तक सफलतापूर्वक कार्य किया। आपको 1979 में जोधपुर शहरजला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। तब आपने सक्रिय राजनीति में पहली बार कदम रखा और प्रथम प्रयास में ही विजय प्राप्त की। 1980 के चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर प्रथम कार्यकाल 1980–1984 में जोधपुर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के सपने ही नहीं संजोये अपितु उन्हें साकार भी किया। आम जनता में आपकी उज्जवल छवि, साम्प्रदायिक सद्‌भाव के लिए आप द्वारा उठाये गये सराहनीय कदम, क्षेत्र के विकास की ललक तथा नेतृत्व की उद्‌भुत क्षमता के कारण आप नौंवी लोकसभा को छोड़कर बारहवी लोकसभा तक निरन्तर जोधपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद के रूप में चुने जाते रहे। आपकी लोकप्रियता तथा बेदाग छवि का परिणाम था कि आपको केन्द्रीय मंत्रीमंडल में स्थान मिला। केन्द्रीय मंत्रीमंडल में पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के उपमंत्री (7. 2.1982 से 4.2.1983) 12.11.1984 से 31.12.1984 तक खेल उपमंत्री, 31. 12.1984 से 26.11.1985 तक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री तथा 21.6.1991 से 18.6.1993 तक कपड़ा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद को सुशोभित करते हुए आपने एक ओर जहां संबंधित विभागों को नये आयाम प्रदान करते हुए सफलतापूर्वक कार्य किया वहीं दूसरी ओर जोधपुर संसदीय क्षेत्र का सफल प्रतिनिधित्व करते हुए स्वयं की एवं क्षेत्र की विशिष्ट पहचान बनाई।

आपके अद्‌भुत व्यक्तित्व, विशिष्ट गुण, योग्यताओं तथा क्षमताओं का पूरा लाभ राजस्थान की जनता को मिले इस दृष्टि से राजस्थान सरकार में आपको गृह तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री का गुरूतर दायित्व भी सौंपा गया जिसका आपने पूर्ण योग्यता, निष्ठा, निष्पक्षता तथा ईमानदारी से निर्वाह किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंका) दल के कर्तव्यनिष्ठ एवं विश्वसनीय सदस्य होने के कारण दल के राष्ट्रस्तरीय नेताओं ने आपको लम्बे समय तक दल के प्रदेशाध्यक्ष के उत्तरदायित्व पूर्ण पद से नवाजा। आपके प्रदेशाध्यक्ष के कार्यकाल (सितम्बर 1985 से जून 1989, दिसम्बर 1994 से जून 1997 तक तथा जून 1997 से अप्रेल 1999 तक में दल की सदस्यता में भारी वृद्धि हुई तथा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों में दल के प्रति समर्पित भावना एवं उत्साह से कार्य करने की होड सी दिखाई देने लगी। यही नहीं इस अवधि में सम्पन्न विभिन्न स्तरीय चुनावों, उपचुनावों में भी दल को अद्वितीय तथा विस्मयकारी सफलताएं मिली। इस प्रकार आपके कुशल नेतृत्व में दल ने प्रदेशभर में नया इतिहास रचा। कांग्रेस दल के सच्चे सैनिक तथा सेनापति के रूप में आपके कार्यकाल को अविस्मरणीय उपलब्धियों को काल कहा जा सकता है। दल के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए कभी कभार मिली विफलता से न तो स्वयं निराश हुए और न ही अपने साथियों को निराश होने दिया। इस प्रकार आपको एक सच्चा कर्मयोगी कहा जा सकता है।

राज्य एवं केन्द्र सरकार में मंत्री पद पर सफलतापूर्वक कार्य करने के पश्चात आपको राजनीतिक लोकप्रियता में उत्तरोतर वृद्धि होती गई जिसकी चरम परिणति तब हुई जब दिसम्बर 1998 में संपन्न 11वीं विधानसभा के चुनाव परिणाम सामने आये। श्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस को भारी बहुमत मिला। आपको सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया। 1 दिसम्बर 1998 को आपने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गहलोत सरकार ने अकाल की विभीषिका से निपटने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई और तदनुसार कार्य किया। अकाल से प्रभावित लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया। पशुओं के लिए चारे पानी की व्यवस्था कर उनके पलायन को रोका। किसी भी व्यकित या पशु को भूख से मरने नहीं दिया गया। गहलोत सरकार की सर्वत्र प्रशंसा हुई।

ऐसा ही अवसर दूसरी बार 13 दिसम्बर 2008 को जब श्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो अपार उत्साह व हर्ष का वातावरण बना। लोगों में अपार उत्साह , उमंग, हर्ष का सागर सा उमड गया। प्रत्येक व्यक्ति ने अपनी प्रसन्नता को अपने–अपने तरीके से व्यक्त किया। दुबारा मुख्यमंत्री बनने के साथ ही श्री अशोक गहलोत के जीवन का चुनौती एवं उत्तरदायित्वपूर्ण अध्याय का शुभारम्भ हुआ। आपने प्रत्येक चुनौती को अत्यंत ही धैर्य एवं गंभीरता से लिया।

निरन्तर दैवी आपदाओं का सामना करने वाले राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद निश्चय ही कांटों का ताज था किंतु अपनी दूरदृष्टि, सूझबूझ एवं दृढ़ संकल्प के साथ आपने राजस्थान को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी, सौहार्दपूर्ण एवं विकासशील प्रशासन प्रदान करने का वचन राजस्थान की जनता को दिया। वचन के अनुसार योजनाएं बनी और क्रियान्विति हुई, सुखद तथा संतोषजनक परिणाम सामने आये।

वित्तीय संकट कीसमस्या के बावजूद अशोक गहलोत के नेतृत्व में सरकार ने राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए सर्वशिक्षा, चिकित्सा सुविधा, सूचना का अधिकार, सड़क व अन्य सार्वजनिक निर्माण कार्य, असहाय व वृद्धावस्था पेंशन, वन सम्पदा संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार उन्मूलन, विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भरता, नागरिक अधिकारों की सुरक्षा, महिला उत्पीडन व अत्याचार से मुक्ति, बालिका शिक्षा, पशुधन संरक्षण, कृषि सुविधाओं के विस्तार, नगरीय विकास क्षेत्र में सतत एवं अथक प्रयत्न किये। आपकी सूझबूझ एवं सद्प्रयत्नों से साम्प्रदायिक सद्भावना में उठाये गये कदम तो अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बन गये। आबू पर्वत पर सम्पन्न कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों की संगोष्ठी में गहलोत सरकार के कामकाज को सभी मुख्यमंत्रियों ने सराहा। राज्य की प्रगति रिपोर्ट ने सभी मुख्यमंत्रियों को दांतों तले अंगुली दबाने के लिए विवश कर दिया।

आपने अपने राजनैतिक जीवन की बुलंदियों और सफलता के शिखर को उस समय छू लिया जब ''इंडिया टूडे'' द्वारा किये गये सर्वे में आपको सम्पूर्ण देश का नम्बर–1 मुख्यमंत्री घोषित किया गया। आपके सफल एवं संघर्षपूर्ण राजनैतिक जीवन, व्यक्तिगत प्रभाव, सही वक्त पर सही फैसले करने की नीति, अद्‌भुत नेतृत्व क्षमता, बेदाग छवि, दूरदर्शिता के आधार पर पर राज्य के विकास के लिए उठाये गये कदम, सतत सक्रिय, संवेदनशील, जबाबदेह व निष्पक्ष राजनीति के परिणाम थे। आपके राजनैतिक जीवन की सफलता इस बात से भी आंकी जा सकती है कि प्रतिपक्ष या कोई राजनैतिक विरोधी भी आपके उज्जवलतम दामन पर आज तक किसी प्रकार का दाग नहीं लगा सका।

अप्रितम व्यक्तित्व के धनी, धैर्य के पारावार, उज्जवता के प्रतीक, शांति व समृद्धि के अग्रदूत, धुन के पक्के, मारवाड के सपूत श्री अशोक गहलोत का व्यक्तिगत एवं राजनैतिक भविष्य सर्वतोप्रकारेण सुखद, सम्पन्न, आशानुकूल तथा उज्जवलतम है।

प्रस्तुति :
**डा.सत्यनारायण सिंह सैनी**
आई.ए.एस. (आर)

**किशन सिंह गहलोत**
9829871595
8875789176



**महेश गहलोत**
8955343002
9680692792



# नीम गिलोय
**( अमरता )**

# कड़ी पत्ता (मीठा नीम)

**औषधीय गुण सहित (Anti Biotic)**

**मीठा नीम ताजा/ सूखा पाउडर**



**नीम के औषधीय गुण**
1. वजन को नियंत्रित करता हैं।
2. बालों को झड़ने व असमय गंजापन को रोकता है।
3. पेट के लिए फायदेमंद है।
4. आंखों की रोशनी को बढ़ाता है।
5. कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करता है।
6. शुगर को नियंत्रित रखता है।

**गिलोय के औषधीय गुण :**
1. खून की कमी को दूर करता है।
2. पेट संबधी रोगों को दूर करता है।
3. पीलिया रोग में फायदेमंद ।
4. आंखों के लिए फायदेमंद।
5. रक्त कैंसर, कैंसर, टी.बी., मिर्गी बांझपन में सहायक।
6. मोटापा दूर करने में सहायक।

# कृष्णा सप्लायर्स

**बेरा नारायण सागर, जसवंत सागर बांध के पीछे, मण्ड़ोर, जोधपुर**

### संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर

# संत श्री लिखमीदास जी महाराज मंदिर स्थापना दिवस की द्वितीय वर्षगांठ पर पांच दिवसीय द्वितीय पाटोत्सव धूमधाम से संपन्न





नागौर। श्री द्वारकाधीश मंदिर व संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज मंदिर स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ पर आयोजित यह कार्यक्रम महाआरती व ध्वजारोहण के साथ संपन्न हुआ ।

माली समाज के बालकिशन भाटी के अनुसार प्रातः कालीन यज्ञ आचार्य रामदुलारे उपाध्याय के सानिध्य में संपन्न हुआ जिसमें राम यज्ञ व विष्णु यज्ञ में समाज बंधु सपत्नीक यजमान के रूप में विराजमान हुए । इससे पूर्व रात्रि में प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली बालोतरा के नेतृत्व में प्रदेश के अनेक भजन गायकों ने अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया । कार्यक्रम में हर्ष माली ने हरि भज हीरा परख ले तथा गायक संपत दाधीच ने ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन, वह तो हरि गुण गाने लगी के द्वारा श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया । गायक रमेश माली ने गुरु महाराज लिखमीदास जी के प्रसिद्ध भजन साधु भाई बिना निवण कुण तिरिया को इस अंदाज से गाया कि सारा पांडाल उनके साथ समवेत स्वर में गाने लगा तथा नृत्य करने लगा।

अमरपुरा के भजन गायक लिखमाराम ने देशड़लो रंग रूड़ो तथा छगन माली व दिनेश माली नागौर ने भी विभिन्न भजनों के माध्यम से दर्शकों में भक्ति भाव का संचार किया । इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली ने भजनों के साथ देश भक्ति गीतों का गान करके वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में अमरपुरा धाम संस्थान के उपाध्यक्ष मोती लाल सांखला महासचिव राधाकिशन तंवर ,कमल भाटी, धर्मेंद्र सोलंकी ,दौलत भाटी, नेमीचंद कच्छावा ,जगदीश सोलंकी, रामकुमार सोलंकी, मोहनराम चौधरी ,मेघराज राव, बंसीलाल परमार, कृपाराम गहलोत , भोमाराम पंवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी श्रोता के रूप में उपस्थित थे। इससे पूर्व महामंडलेश्वर कुशाल गिरी महाराज ने कार्यक्रम के समापन में निज मंदिर व स्मारक स्थल पर अपने कर कमलों के द्वारा ध्वजारोहण किया। श्रद्धालुओं ने द्वारकाधीश मंदिर व लिखमीदास महाराज के मंदिर में महाआरती में भी भाग लिया।

लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान के तत्वावधान में अमरपुरा धाम में पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत नानी बाई रो मायरो कथा का आयोजन हुआ। द्वारकाधीश मंदिर व लिखमीदास महाराज मंदिर के द्वितीय पाटोत्सव पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में सूरसागर रामद्वारा ,जोधपुर के रामस्नेही संत अमृत राम महाराज ने कथा वाचन किया। नानी बाई रो मायरो में मार्मिक व प्रेरक प्रसंगों का राजस्थानी भाषा में तथा भजनों के साथ सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कि या। उन्होंने कहा कि हर सास अपनी बहु से सीता जैसे श्रेष्ठ व्यवहार की अपेक्षा करती है वैसे ही उन्हें स्वयं को कौशल्या के समान श्रेष्ठ व प्रेरक आचरण करना चाहिए। परिवार में बड़े भाई छोटे भाई से लक्ष्मण जैसी अपेक्षा करते हैं लेकिन इसके लिए स्वयं को भी राम बनना पड़ता है इसकी वह चिंता नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति सुधरेगा तो देश श्रेष्ठ बनेगा। कथा के समापन में नानी बाई रो मायरो को भरने के लिए भगवान कृष्ण का अपनी रानियों सहित आना तथा ईर्ष्या से पीड़ित नानी बाई रे ससुराल पक्ष में भी श्रेष्ठ व्यवहार का जागरण करना ही नरसी भगत के साधक तत्व की पराकाष्ठा है। आज सुबह पांच बजे ध्वजारोहण व महाआरती इस दौरान सोयला के राजेंद्र गहलोत, पीपाड़ से रामसिंह गहलोत, डॉ. शंकर लाल परिहार, भंवरलाल तंवर, रामसिंह सोलंकी, धाम संस्थान महासचि व राधाकिशन तंवर, कार्यकारिणी सदस्य भोमाराम पंवार, रामपाल गहलोत, जीवराज सांखला, नेमीचंद कच्छवाह, रामकुमार सोलंकी, कमल भाटी, पारसमल परिहार, मांगीलाल गहलोत, टीकमचंद कच्छवाह, कृपाराम गहलोत, श्रीवल्लभ टाक, पापालाल सांखला, तिलोक देवड़ा आदि मौजूद थे। अमरपुरा धाम संस्थान में नाड़ी वैद्य डॉ. खेताराम पंवार ने अनेक मरीजों की जांच करनि शुल्क चिकित्सा परामर्श दिया। पीपाड़ और सोयला से पैदल यात्रियों का संघ अमरपुरा पहुंचे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थी। पीपाड़ सिटी माली समाज पैदल यात्री संघ ताऊसर गांव से होते हुए गाजे–बाजे के साथ पहुंचे। ताऊसर यात्री संघ प्रभारियों ने स्कीम बाजार स्थित लिखमीदास चौराहे पर संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज का पूजा अर्चना की। इस दौरान धर्मेंद्र पंवार, पवन देवड़ा , मेघराज राव, सुरेश देवड़ा राजपाल सिंह पंवार, नेमीचंद देवड़ा आदि मौजूद थे। समापन पर भामाशाहों का किया गया सम्मान मंदिर के स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ पर भोजन प्रसादी के लाभार्थी चेनार गहलोत परिवार, पुष्प व्यवस्था के लाभार्थी भोमाराम सांखला परिवार भीनमाल, भगवानाराम, जलसेवा व्यवस्था के लाभार्थी भाटी परिवार बाईसर, चाय कॉफी व्यवस्था के लाभार्थी कृपाराम देवड़ा परिवार, पत्रिका लाभार्थी परिवार हेमाराम परिहार, जीवाराम पंवार बालोतरा परिवार, लाइट व्यवस्था के लाभार्थी बाड़मेर के चौथाराम सोलंकी परिवार, स्मृति चिन्ह के लाभार्थी परमेश्वर मिश्री लाल पचपदरा परिवार, साउंड व भजन पार्टी के लाभार्थी मुंबई के रतनलाल टाक परिवार व जयपुर के बलदेव सैनी, वीडियोग्राफी के लाभार्थी भंवरलाल चौहान पुणे, पक्षी दाना के लाभार्थी सांवलाराम परमार जालौर, अल्पाहार के लाभार्थी हीरालाल गहलोत बोरानाडा, जोधपुर सहित विभिन्न भामाशाहों का समापन समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया गया ।

# डॉ. विरेन्द्र मंगल भाटी राष्ट्रीय पुरस्कार से हुए सम्मानित




नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा साहित्यकार डॉ वीरेन्द्र भाटी मंगल की पुस्तक 'घरेलू हिंसा' का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये हुआ था। आयोग द्वारा दिल्ली में मानवाधिकार दिवस पर 10 दिसम्बर को आयोजित विशिष्ट समारोह में सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलात मंत्री मुख्तार अबास नकवी ने डॉ भाटी को शॉल, ताम्रपत्र, प्रशस्ति पत्र, प्लाटेंशन व 50,000 का चैक भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष न्यायाधिश एस.एल. दत्तु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में भारत के सुप्रिम कोर्ट के न्यायाधिश सहित देश के विभिन्न राज्यों के मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष उपस्थित थे। आयोग के सचिव डॉ अम्बुज शर्मा ने बताया कि डॉ भाटी की पुस्तक 'घरेलू हिंसा' का चयन ''महात्मा गांधी द्विवार्षिक हिन्दी लेखन पुरस्कार योजना' के अन्तर्गत हुआ है। यह पुरस्कार मानव अधिकारों के श्रेष्ठ लेखन के लिये राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किया जाता है।

डॉ शर्मा ने बताया कि आयोग की माननीया सदस्या श्रीमती ज्योतिका कालरा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय चयन समिति द्वारा डॉ भाटी की पुस्तक का चयन राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार के लिए किया गया। जिसके लिये नई दिल्ली में आयोजित विशिष्ट समारोह में डॉ वीरेन्द्र भाटी मंगल को सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे डॉ भाटी की अब तक छः पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। देश की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में नियमित लेखन कर रहे है। डॉ भाटी को राजस्थान सरकार सहित अनेक संस्थानों द्वारा भी कई मर्तबा सम्मानित किया जा चुका है। डॉ भाटी को यह पुरुस्कार मिलने पर अनेक लोगों ने बधाई दी।

# साकेत कुशवाहा बने राजीव गांधी सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर



बनारस। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर साकेत कुशवाहा को केंद्र सरकार ने अरूणाचल में राजीव गांधी सेन्ट्रल किया है। प्रो. कुशवाहा ने नाइजीरिया में जनजाति समुदाय के लोगों के बीच लंबे समय तक काम किया है। इनकी नियुक्ति पांच साल के लिए की गई है।

कुलपति के रूप में यह दूसरी बार इनकी नियुक्ति हुई है। इससे पहले वह बिहार में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में कुलपति रहे है। जब प्रोफेसर कुशवाहा मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति थे तो बैंक का मान्यता प्राप्त करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय बना था। अपने प्रशासनिक कार्य कुशलता के जह से विश्व के सर्वाधिक सौ प्रभावशाली कुलपतियों में शुमार हुए थे। प्रो. साकेत कुशवाहा की गिनती दुनिया के जाने–माने कृषि अर्थशास्त्रियों के रूप में होती है। एक अक्टूबर 1999 में ये नाइजीरिया में प्रोफेसर रहे। 13 सालों के कार्यकाल में उन्होंने जनजाति समुदाय के उत्थान में अपना योगदान दिया।

छह सालों तक वहां डीन आफ मैनेजरमेंट रहे। इसके अलावा सात साल तक कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रसार विभाग में विभागाध्यक्ष के रूप में काम किया। प्रोफेसर पद पर रहते हुए उन्होंने नाइजीरिया में जनजातियों के उत्थान में कई ऐसे कार्य किए जिससे उन्हें दुनिया भर में शोहरत मिली और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने माने अर्थशास्त्री के रूप में गिना जाने लगा।

प्रो. कुशवाहा साल 2006 में बीएचयू में प्रोफेसर बने। साल 2007 से 2010 तक वह बीएचयू में कृषि अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष रहे। साल 2008 से 2011 तक बीएचयू के एग्री बिजनेस प्रोजेक्ट के कोआर्डिनेटर रहे। बाद में फरवरी 2014 में उन्हें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, बिहार में कुलपति का पद सौंपा गया। मिथिला विश्वविद्यालय में उन्होंने शैक्षणिक विकास के लिए कई अनूठे कार्य किए, जो मील के पत्थर साबित हुए। बेहतरीन कार्यपद्धति को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्रो. साकेत कुशवाहा को अरूणाचल में केंद्रीय विश्वविद्यालय की कमान सौपी है। उल्लेखनीय है कि प्रो. साकेत कुशवाहा दो अगस्त, 2017 से दो अगस्त 2018 तक बीएचयू के दक्षिणी परिसर में प्रोफेसर इंचार्ज रूप में नियुक्त रहे है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर इनके करीब सौ शोधपत्र प्रकाशित हो चुके है। साथ ही 15 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड से भी इन्हें नवाजा जा चुका है।

साकेत कुशवाहा के वाइस चांसलर बनने पर माली सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की।

# श्री सैनी के मिस वर्ल्ड की ताजपोशी से अबोहर में जश्न






अबोहर की मूल निवासी श्री सैनी ने न्यूजर्सी अमेरिका में हुई 27वीं मिस इंडिया वर्ल्ड वाइड सौंदर्य प्रतियोगिता में जीत दर्ज की है। न्यूजर्सी के समय अनुसार शुक्रवार रात और भारतीय समय अनुसार शनिवार सुबह हुए मुकाबले में 42 राष्ट्रीय विजेता शामिल हुई। इनमें ऑस्ट्रेलिया, कनाड़ा, हंगरी, भारत, मलेशिया, कीनिया, मारिशस, सिंगापुर, दक्षिणी अफ्रीका, श्रीलंका व इंग्लैण्ड में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की विजेता शामिल हुई।

बीते वर्ष मिस इंडिया यूएसए का खिताब जीतने वाली श्री सैनी अंतिम दौर में पहुंचने वाली 10 प्रतिभागियों में शामिल थी। उसके फेसबुक पेज पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है। फाइनल मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद निर्णायक मंडल ने श्री सैनी को विजेता घोषित किया और बीते वर्ष की विजेता ने उसे मिस इंडिया वर्ल्ड वाइड का ताज पहनाया। अबोहर में श्री सैनी के नाना तिलक राज सचदेवा व नानी विजय लक्ष्मी को बधाई संदेश मिलने लगे है। श्री सैनी दीवाली से एक सप्ताह पूर्व माता एकता सैनी के साथ विशेष रूप से अबोहर आई थी और यहां न केवल ननिहाल, बल्कि अन्य परिचित परिवारों ने भी उसे शुभकामनाएं दी थी।

श्री सैनी ने कहा कि मिस इंडिया यूएसए व वर्ल्ड वाइड प्रतियोगिताएं करवाने वाले धर्मात्मा सरन व नीलम सरन की वह आभारी हैं, जो प्रतिभाओं का सम्मान कर रहे हैं।

# समाज की बेटी सोनिया ने झारखण्ड में साबित किया राजस्थानी किसी से कम नहीं



जोधपुर, चुनौतियों से लड़ते हुए सफलता कैसे हासिल कर सकते है। इसके लिए जोधपुर की बेटी भावना परिहार अहम मिसाल है। एक सामान्य किसान परिवार में जन्मी भावना ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रांची (झारखण्ड) एलएल.बी. पढ़ाई में एक साथ 9 गोल्ड मेडल हासिल किए है।

मथानिया के किसान विरेन्द्र परिहार की बेटी भावना परिहार ने आठवी तक की पढ़ाई मथानिया स्कूल में हिन्दी माध्यम से की। इसके बाद 9वीं व 10वीं की पढाई जोधपुर के नोबल स्कूल और 11–12वीं की पढ़ाई सेन्ट्रल एकेडमी में की। स्कूली पढ़ाई में वह ज्यादा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। लेकिन बाद में मन में ठानते हुए क्लेट का एंट्रेंस एग्जाम दिया और उसमें सफल हो गई। पांच साल पहले मेरिट के आधार पर भावना का प्रवेश रांची के एनएलयू में हुआ था। वहां पांच साल कोर्स करने के बाद उसने मुश्किलों को नकारते हुए 9 गोल्ड मैडल हासिल किए। रांची एनएलयू के 1 दिसम्बर को आयोजित दीक्षांत समारोह में भावना को यूनिवर्सिटी टॉप करने पर चांसलर मेडल ऑफ ओवरऑल पर्फोमेंस इन कॉलेज, एनयूएसआरएल बैंच टॉपर, जस्टिस एसबी सिन्हा मेडल फॉर टॉपर ऑफ क्रिमिनल लॉ ऑनर्स, आरएन झुंनझुनवला मेडल फॉर टॉपर ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ, टॉपर ऑफ हेल्थ लॉ, टॉपर ऑफ अरबिट्रेशन लॉ सहित कुल 9 श्रेणी के गोल्ड मैडल प्रदान किए गए। झारखण्ड के चीफ जस्टिस झारखण्ड ने भावना को टॉपर के गोल्ड मेडल प्रदान किए।

चुनौतिया आई, हार नहीं मानी : पत्रिका के साथ विशेष बातचीत में भावना ने बताया कि चूंकि उसने स्कूली पढ़ाई हिन्दी माध्यम से की थी। इसलिए एलएलबी की पढाई अंग्रेजी माध्यम में होने से उसे काफी परेशानी हुई।

जब रांची में प्रवेश हुआ तब वहां एक अधिकारी ने राजस्थानी विद्यार्थियों के पढाई में कमजोर प्रदर्शन को लेकर मजाक उडाया था। भावना के अनुसार उसको यह ताना दिया गया कि राजस्थानी तो पढाई में ढपेर होते है, उनके लिए यह पढाई नहीं है। एक अधिकारी का वह ताना उसे चुभ गया और उसने संकल्प कर लिया कि वह पूरे राजस्थान का नाम ऊँचा करेगी और यह दिखा देगी कि राजस्थानी किसी से कम नहीं होते और उसी संकल्प को भावना ने साकार कर दिखाया।



### अखिल भारतीय माली महासंघ मौर्य, माली, शाक्य, सैनी, कुशवाहा समाज राष्ट्रीय अधिवेशन

# सरकार तय करती है किसे जेल में रखा जाए, किसे बाहर : भुजबल




ठाणे। राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री व एनसीपी नेता छगन भुजबल ने आरोप लगाया है कि सरकार तय करती है कि किसे जेल में रखना है और किसे बाहर रखना है। छगन भुजबल के मुताबिक सरकार जिसे नहीं चाहती है उसे जेल में डाल दिया जाता है और जिसे चाहती है उसे बाहर आजाद छोड़ दिया जाता है।

ठाणे स्थित गडकरी सभागृह में रविवार को अखिल भारतीय माली महासंघ की तरफ से मौर्य, माली, शाक्य, सैनी, कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया था। इसमें बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष छगन भुजबल और उद्घाटक के रूप में यूपी सरकार के केबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मोर्य उपस्थित थे। इस दौरान समाज के लोगों को संबोधित करते हुए भुजबल ने प्रदेश की वर्तमान सरकार पर अपना रोष जताया। भुजबल ने कहा कि उनके खिलाफ पहले सुनियोजित साजिश रची गई थी और फिर मामला दर्ज किया गया था। बताया कि उन्हें जानबुझकर ढाई साल तक जेल में कैद रखा गया, जबकि गोविंद और नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के आरोप में पकडे गये लोगों को 90 दिन के भीतर आरोप पत्र न दायर किए जाने से जमानत पर छोड दिया गया। भुजबल का कहना था कि सरकार की तरफ से बताया गया कि काम के बोझ के चलते पुलिस को उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर करने का समय नहीं मिला, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। भुजबल ने बताया कि वे खुद प्रदेश के गृहमंत्री थे और पुलिस को ऐसे मामले में स्वतंत्र जवाबदारी देनी चाहिए, लेकिन उनके प्रति सरकार की नियति ठीक नहीं थी। भुजबल ने खुलासा किया कि महाराष्ट्र सदन के निर्माण में सरकार का एक रूपया भी नहीं लगा था और उनपर जानबूझकर कई हजार करोड के भ्रष्टाचार का झूठा आरोप लगया गया और फंसाया गया। भुजबल ने समाज के लोगों से एकजुट होने की अपील की तो दूसरी तरफ समाज के हित के लिए सत्ता को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में उपस्थित यूपी सरकार के केबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाज के लोगों से उपनाम के मदभेदों को भुलाकर एकजुट होने का आवाहन किया। मौर्य के मुताबिक लोकतंत्र में ताकत जरूरी है और ताकत की पूजा होती है। समाज के लोग एकजुट होंगे और नेताओं के पीछे खड़े होंगे तो परिवर्तन अवश्य होगा। कार्यक्रम में मौर्य, सैनी, माली सेवा समाज के राष्ट्रीय महासचिव सुमन सैनी, नेपाल के पूर्व मंत्री शत्रुध्न कुशवाहा, श्रीपाल सिंह सैनी, अखिल भारतीय माली महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.के. माली, माली समाज के ठाणे अध्यक्ष सचिन शिंदे, सचिन केदारी सहित कई मान्यवर उपस्थित थे।

**मुझे जान–बुझकर फंसाया गया– भुजबल**

ठाणे। सं. गोविंद पानसरे और नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ 90 दिनों में आरोपपत्र दाखल न होने पर उनको जमानत मिल गई है, लेकिन हमारे प्रकरण में ढाई वर्ष सरकार ने आरोप पत्र के बिना मुझको जेल में डालकर जेल में रखना है और जो नजदीकी है उन्हें बाहर छोड़ना ऐसा आरोप राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने किया। अखिल भारतीय माली महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के कारण ठाणे आये छगन भुजबल ने पत्रकारों से संवाद साधते हुए यह आरोप लगाया। भुजबल ने कहा कि महाराष्ट्र सदन प्रकरण में मुझे जान बूझकर फंसाया गया है। इस प्रकरण में 30 हजार करोड़, 10 हजार करोड़, साढ़े तीन हजार करोड़ का भष्ट्राचार होने का आरोप किया गया है। जबकि प्रत्यक्ष रूप से महाराष्ट्र सदन को बनाने में सरकार का एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ।

माली समाज : छात्रावास का तृतीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

# माली समाज को एकजुट होने की आवश्यकता : मोतीलाल फुले





भीनमाल। महात्मा ज्योति बॉ फूले माली समाज छात्रावास का तृतीय वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने महात्मा ज्योति बा फुल, सावित्री बाई फुले व संत लिखमीदास महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस ओपी सैनी थे। वहीं अध्यक्षता पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने की। इस मौके सनी न कहा कि समाज में शिक्षा सेही समाज का उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बालिकाएं भी किसी से कमतर नहीं है। महिलाएं देश के हर क्षेत्र में सेवा दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के उत्थान के लिए बालक–बालिकाओं में भेद का मिटाना होगा। तभी समाज का उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि भीनमाल में बालिकाओं के लिए छात्रावास बनना चाहिए, इसके लिए भी लोगों को पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है ऐसे में गांवों के विकास को लेकर ध्यान देने से ही भारत सोने की फिर चिड़िया बन सकेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं का कोचिंग व नौकरियों के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने युवाआं से आह्वान किया जीवन में सोच का बड़ी  रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में चुनौतियों से नहीं घबराना चाहिए।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि माली समाज शिक्षा के क्षेत्र में स्थिति काफी दयनीय है। पिछले कुछ सालों से समाज में युवा विभिन्न क्षेत्रों में आगे आए है। उन्होंने कहा कि माली समाज  के लोग व्यवसाय के साथ बालक–बालिकाओं को उच्च शिक्षा भी प्रदान करें। विधायक पूराराम चौधरी ने भी शिरकत की। उन्होंने भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई को नमन् करते हुए कहा कि सावित्री बाई पिछड़े वर्ग की होने के साथ शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि 36 कौमों के लोगों को साथ में लेकर चलना होगा। महात्मा ज्योतिबा जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल फूले ने कहा कि वर्तमान में समाज को एकजुट हाने की आवश्यकता है। समारोह में क्षेमंकारी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदारसिंह ओपावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष जीएम परमार, महात्मा ज्योति बा परिषद के प्रदेश सचिव नाथू सोलंकी, पुरूषातम सोलंकी, राधेश्याम पंवार, सुरेश भाई, पालिकाध्यक्ष सांवलाराम देवासी व सहायक अभियंता भरत देवड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। महात्मा ज्योति बा फूले माली समाज छात्रावास के अध्यक्ष भारताराम सुंदेशा ने अतिथियों व आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम के तहत शनिवार शाम को छात्रावास परिसर में भजन संध्या हुई। भजन संध्या में कलाकारों ने कलाकर रामेश्वर माली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान विभिन्न चढ़ावे बोले गए। जिसमें माली समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके प्रभुराम सांखला, सीएल गहलोत, जेठाराम गहलोत, हजारीमल परमार, भंवरलाल सोलंकी शिव, उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली, सेवानिवृत आरजेएस भलाराम परमार, मोटाराम परिहार, किशनाराम केडीएम, मुकेश सुंदेशा, सुरेश सोलंकी, बाबुलाल सोलंकी माली युवा संगठन के अध्यक्ष मांगीलाल गहलोत, बाबूलाल सुंदेशा, दीपाराम सांखला, रमेश परमार, प्रकाश सुंदेशा, सतीश सुंदेशा, हीरालाल सुंदेशा सहित कई लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम में माली समाज भीनमाल मोबाईल डायरेक्टरी शिक्षा क्रांति पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि पुस्तिका समाज को एकसूत्र में पिरोने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी पुस्तिकाओं की समाज में आवश्यकता है। समारोह में अतिथियों के हाथों विभिन्न चढावों के लाभार्थियों का बहुमान किया गया। अतिथियों ने लाभार्थियों को साफा, शॉल व श्रीफल भेंटकर माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।


श्री क्षेमंकरी माताजी नमः


श्री लिखमीदासजी नमः


श्री गणेशाय नमः


श्री सावित्री बाई फूले


श्री ज्योति बा फूले

# माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह

## सादर आमंत्रण

महाकवि माघ की जन्मभूमि भीनमाल में माँ क्षेमंकरी के चरणों में संत श्री लिखमीदास जी महाराज के शुभ आशीर्वाद से माली समाज जिला जालोर के 15 वें जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में आप सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावें।

